# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुढ़नी, कोलार, बैरसिया    ज्येष्ठ शुक्ल 12 पक्ष - 2083    भोपाल, दिन मंगलवार, दिनांक 12 मई ,2026


मप्र का भी **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले यह महत्वपूर्ण बात रखी**

## सीएम बोले–प्रदेशवासी व मंत्रीगण पीएम की नसीहतों पर करें ,अमल

**कैबिनेट का महत्वपूर्ण फैसला-राज्य मंत्री स्वेच्छानुदान में अब 25 हजार रुपए दे सकेंगे**

आज सीएम डॉ. यादव करेंगे वैश्विक निवेशकों से संवाद





एग्री, ईवी, टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी और स्किल सेक्टर्स पर रहेगा फोकस

**पीएम ने एक साल तक गोल्डन खरीदने, विदेश यात्रा टालने, तेल लेकर**

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नसीहत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश भर के लोगों से प्रधानमंत्री की अपील पर अमल करने का कहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक दिन पहले कर्नाटक में एक कार्यक्रम के दौरान देश भर के लोगों से अपील की थी कि विश्व में पेट्रोलियम, रासायनिक खाद आदि के दाम बढ़ रहे हैं। अब जरूरी यह है कि इस विदेशी मुद्रा को विदेश में जाने से रोका जाए।

### राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य भी पालन करेंगे इस सलाह पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों को और भी कई तरह की नसीहतें दी। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री चौतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक साल तक गोल्ड न खरीदने और पेट्रोल डीजल की खपत कम करने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने पर जोर दें।

उन्होंने यह भी कहा कि विदेश जाने से बचें, ताकि पीएम मोदी की अपील को सफल बनाया जा सके। हालांकि, जब मंत्री काश्यप से मंत्रियों के काफिले में शामिल होनेवाले वाहनों को लेकर सवाल किया तो वे जवाब नहीं दे सके।

### कैबिनेट मंत्री 40 हजार दे सकते हैं

मंत्री काश्यप ने बताया कि सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के लिए स्वेच्छानुदान के रूप में एक साल में एक व्यक्ति को दी जाने वाली राशि 40 हजार रुपए कर दी थी, लेकिन राज्यमंत्रियों के लिए यह राशि नहीं बढ़ाई गई थी। अभी तक राज्यमंत्रियों को एक व्यक्ति को एक साल में 16 हजार रुपए देने की पात्रता थी, जिसे बढ़ाकर अब 25 हजार रुपए कर दिया गया है। यानी एक व्यक्ति की राज्यमंत्री सालभर में एक बार 25 हजार रुपए स्वेच्छानुदान के रूप में दे

---

राजगढ़ के पचोर में पेट्रोल पंप पर लगी भीषण आग

## पेट्रोल भरवाते समय बाइक में भड़की आग 5 धमाके... 13 झुलसे, 4 की हालत गंभीर



### 15 बाइक जलकर खाक आग की चपेट में डीजल से भरा टैंकर भी आया

**डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़**

जिले के पचोर नगर में सोमवार देर शाम शहर के बीच स्थित प्रसिद्ध चुन्नीलाल–मुन्नीलाल पेट्रोल पंप में अचानक भीषण आग लग गई। पेट्रोल पंप के आसपास घनी आबादी और नजदीक में थाना होने के कारण प्रशासन और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पेट्रोल पंप का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो चुका था।

**धमाकों से इलाके में फैली दहशत**

घटना के दौरान पांच से अधिक धमाकों की आवाजों से इलाके में दहशत फैल गई।



---

## न्यूज गैलरी

### भोपाल में इंडो–फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव आज

**भोपाल।** भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आज इंडो–फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ और फ्रांसीसी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में एग्री, ईवी, रिन्यूएबल एनर्जी, स्किल डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में निवेश और तकनीकी सहयोग पर चर्चा होगी। प्रदेश के 60 से 80 उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बी–2–बी और बी–2–जी बैठकें भी आयोजित की जाएंगी।

### भोपाल में पेट्रोल पंप पर नापतौल विभाग का छापा

**भोपाल।** भोपाल के प्रगति पेट्रोल पंप पर नापतौल विभाग ने छापामार कार्रवाई की। जांच में 5 लीटर पेट्रोल और डीजल पर 25 से 30 एमएल कम आपूर्ति पाई गई। विभागीय अधिकारियों ने मामले में जांच समिति गठित कर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। यह पेट्रोल पंप भारत पेट्रोलियम से संचालित है। अधिकारियों के अनुसार उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी की शिकायत मिलने के बाद जांच की गई थी।

### पुलिस ने पुलिसकर्मियों को रिश्वत लेते पकड़ा

**भोपाल।** भोपाल में पहली बार पुलिस ने अपनी ही टीम के दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। शाहजहांनाबाद संभाग के एसीपी अनिल वाजपेयी ने एफआरवी चालक सुनील मालवीय और एक आरक्षक को 20 हजार रुपए लेते गिरफ्तार किया। आरोप है कि दोनों ने किरायेदार प्रतीक साहू को मकान खाली कराने के नाम पर धमकाकर 50 हजार रुपए मांगे थे। शिकायत मिलने पर एसीपी ने ट्रैप कार्रवाई की।

### न्यू मार्केट में गैस सिलेंडर से भरा ट्रक जब्त

**भोपाल।** भोपाल के खाद्य विभाग ने न्यू मार्केट क्षेत्र से गैस सिलेंडर से भरा ट्रक जब्त किया। जांच में वाहन में 211 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर मिले। फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि ट्रक गोदाम की जगह सार्वजनिक क्षेत्र में खड़ा था। मामले में गैस एजेंसी संचालक से पूछताछ कर नियमों के उल्लंघन की जांच की जा रही है।

### हथाईखेड़ा डेम में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**भोपाल।** भोपाल के हथाईखेड़ा डेम में सोमवार को 28 वर्षीय अमित विश्वकर्मा का शव मिला। अमित मूकबधिर था और इंदौर के एक होटल में काम करता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव पर चोटों के निशान होने का दावा किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अमित 15 दिन पहले अपने पिता से मिलने भोपाल आया था।

### 9बैनर फाड़ने से रोकने पर बुजुर्ग पर हमला

**ग्वालियर।** ग्वालियर के पुरानी छावनी थाना क्षेत्र स्थित सुंदरलाल का मोहल्ला में सोमवार रात बदमाशों ने एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार भूपसिंह जाटव घर के बाहर टहल रहे थे, तभी कुछ युवक घर पर लगा बैनर फाड़ने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पहले जातिसूचक गालियां दीं और फिर उनके सिर पर ईंट मार दी। गंभीर घायल बुजुर्ग को जेएएच ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

---

## इंदौर में खड़ी 5 बसों में लगी भीषण आग, 4 धमाकों से दहशत

**वेल्डिंग के दौरान हुआ हादसा, एक घंटे बाद पाया गया आग पर काबू**

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

इंदौर के नवलखा क्षेत्र स्थित तीन इमली इलाके में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां अवैध रूप से संचालित बस पार्किंग में खड़ी 5 बसों में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिखाई दीं। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई और आसपास रहने वाले लोग घरों से बाहर निकल आए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के दौरान 4 तेज धमाकों की आवाज भी सुनाई दी। स्थानीय लोगों का कहना



है कि धमाके गैस सिलेंडर फटने जैसे थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

**वेल्डिंग के दौरान लगी आग**

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पार्किंग में खड़ी एक बस में मरम्मत और वेल्डिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान चिंगारी से बस में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास खड़ी चार अन्य बसों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय पार्किंग में 20 से ज्यादा बसें मौजूद थीं, जिन्हें तत्काल हटाया गया।

**रिहायशी इलाके में बस पार्किंग पर सवाल**

स्थानीय पार्षद मनीष शर्मा ने आरोप लगाया कि रिहायशी इलाके में निजी बसों की पार्किंग और मरम्मत को लेकर पहले भी कई शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। हादसे के बाद पार्षद मौके पर धरने पर बैठ गए और बस पार्किंग हटाने की मांग की।

**पुलिस जांच में जुटी**

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

---

## पेट्रोल–डीजल की महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेस की साइकिल रैली

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

भोपाल में पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस ने सोमवार को साइकिल रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। रैली प्रभात पेट्रोल पंप से शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित खत्री और कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में नारेबाजी करते हुए पेट्रोल–डीजल पर टैक्स कम करने की मांग उठाई।कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला



ने कहा कि लगातार बढ़ती पेट्रोल–डीजल की कीमतों से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर जनता से पेट्रोल बचाने और खर्च कम करने की अपील कर रही है, वहीं दूसरी ओर वीआईपी कल्चर को समाप्त करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि महंगाई के कारण मध्यम वर्ग और गरीब परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।प्रदर्शन में तारिक अली, अहमद खान, विजेंद्र शुक्ला, मुकेश पंथी और मोहम्मद आमिर सहित कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से ईंधन पर लगाए गए करों में कमी कर आम लोगों को राहत देने की मांग की।

---

## मध्य प्रदेश में बढ़ी गर्मी, 6 जिलों में लू का अलर्ट

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

मध्य प्रदेश में आंधी–बारिश का दौर थमते ही भीषण गर्मी और लू का असर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को उज्जैन, धार, आलीराजपुर, बड़वानी, रतलाम और झाबुआ जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार अगले चार दिनों तक इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में तेज गर्मी का असर बना रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।



सोमवार को रतलाम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां लगातार दूसरे दिन तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं इंदौर में इस सीजन का सबसे अधिक 43.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा है। उज्जैन में 43 डिग्री, भोपाल में 41.2 डिग्री, जबलपुर में 40.8 डिग्री और ग्वालियर में 39 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

इसके अलावा शाजापुर में 44. 2 डिग्री, धार में 44 डिग्री, खरगोन में 42.6 डिग्री और खंडवा में 42.5 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। तेज गर्मी के कारण लोग दोपहर में घरों से निकलने से बच रहे हैं और चेहरे ढंककर बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग ने लोगों को धूप में सावधानी बरतने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी

---

## 7 मिनट में ताले तोड़कर घर से 70 लाख के जेवर व 2 लाख कैश ले गए बदमाश

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

अवधपुरी स्थित राजौरा फार्म में रविवार रात बदमाशों ने एक सूने घर को निशाना बनाया। महज 7 मिनट में घर के ताले तोड़कर करीब 70 लाख रुपए के जेवर और दो लाख रुपए नकदी चोरी की और दीवार फांदकर फरार हो गए। घटना रात 10.58 से 11. 05 बजे के बीच की बताई जा रही है, जो सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पुलिस ने चोरी गए जेवरों की कीमत करीब 15 लाख रुपए दर्ज की है।

अवधपुरी पुलिस के मुताबिक, राजौरा फार्म निवासी नरेंद्र सिंह स्वयं की एक मैगजीन का प्रकाशन करते हैं। रविवार रात करीब 8 बजे वह परिवार के साथ मार्केट गए थे। रात करीब 11.30 बजे जब वह वापस लौटे तो मेनगेट का सेंट्रल लॉक टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कमरों और अलमारियों का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे करीब 450 ग्राम वजनी पुराने एवं नए जेवर गायब थे। जिसकी कीमत करीब 65 से 70 लाख रुपए बताई गई है। साथ ही दो लाख रुपए नगदी भी नहीं थी। पुलिस ने नरेंद्र की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ नकबजनी का मामला दर्ज किया है।

नरेंद्र सिंह ने बताया कि पूरी वारदात को महज सात मिनट में अंजाम दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश रात 10रू58 पर घर में घुसे और वारदात को अंजाम देकर 11रू05 बजे बाहर निकलकर खजूरी कला बायपास की तरफ भागे हैं। बदमाशों ने पूरी प्लानिंग के साथ वारदात की है। एक बदमाश बाहर खड़े होकर लगातार निगरानी करता रहा, जबकि दो बदमाश गेट के पास पहरा देते रहे ताकि किसी के आने–जाने पर तुरंत अलर्ट मिल सके। वहीं, दो बदमाशों ने घर के अंदर घुसकर वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने सीधे अलमारियों को निशाना बनाया और ताले तोड़कर उसमें रखे 65 से 70 लाख रुपए कीमत के सोने–चांदी के जेवर ले गए। इसके अलावा दो लाख रुपए

---

**विरोध जताया** **हरदौल बाबा मंदिर को हटाने को लेकर हिंदू संगठन ने जताया विरोध।**

## 100 साल पुराना हैं मंदिर, मेट्रो अधिकारी भी मौके पर पहुंचे मेट्रो लाइन

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

पुराने शहर के बरखेडी फाटक के पास करीब 100 साल पुराने हरदूल बाबा के मंदिर को हटाने को लेकर सोमवार को हंगामा हो गया। मेट्रो की ऑरेंज लाइन निर्माण के बीच आ रहे मंदिर को हटाने अचानक मेट्रो का अमला पहुंच गया और बिना धार्मिक विधि–विधान के मंदिर को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। इसकी भनक लगते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता एकत्र हो गए। विरोध देखते हुए मंदिर को हटाने की कार्रवाई रोकना पड़ी। मेट्रो के अधिकारियों विधि–विधान के साथ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया तब जाकर मामला शांत हुआ।



मंदिर की देखरेख करने वाले भैरो सिंह ने बताया कि हरदूल बाबा मंदिर का उल्लेख 1913 के दस्तावेजों में भी दर्ज है। मेट्रो निर्माण के चलते मंदिर को पीछे शिफ्ट किया जाना था। इसके लिए पहले मेट्रो कंपनी की ओर से आश्वासन दिया गया था कि पंडित बुलाकर पूरे धार्मिक रीति–रिवाज और विधि विधान के साथ मूर्तियों को दूसरी जगह स्थापित किया जाएगा, लेकिन तय प्रक्रिया का पालन किए बिना ही मंदिर तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। जिसके चलते विरोध और हंगामे की स्थिति बन गई।

विरोध कर रहे लोगों की मांग थी कि मंदिर को सम्मानपूर्वक दूसरी जगह स्थापित किया जाए और मूर्तियों का विधिवत पूजन कर पुनर्स्थापन किया जाए। मेट्रो प्रशासन ने पूरे विधि–विधान से कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया गया जब जाकर मामला शांत हुआ।

---

## मुख्यमंत्री ने कूनो नेशनल पार्क के जंगल में मुक्त किए 2 मादा चीते

कहा, अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर बनाया मप्र

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर, उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कुनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। आज देश में चीता पुनर्स्थापना का यह प्रोजेक्ट सफलता के साथ में आयामों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में मध्यप्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। डॉ यादव ने यह बात श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 2 मादा चीतों को खुले जंगल में मुक्त करते हुए कही।



**मप्र ने बनाई चीता स्टेट के रूप में पहचान**

सीएम ने कूनो नदी के किनारे स्थित चीता रिलीज साइट पर सीसीवी 2. सीसीवी –३ चीतों को खुले जंगल में छोड़ा। उन्होंने कहा कि मप्र धर्म, निवेश एवं जैव विविधता के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चौतों के पुनर्स्थापन को निरंतर सफलता मिल रही हैं। इस दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, मप्र वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष गुट्टी बाई आदिवासी आदि मौजूद रहे।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, ढोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल 12 पक्ष - 2083 सीहोर,दिन मगंलवार,दिनांक 12 मई 2026


## न्यूज गैलरी

### लाड़ली बहनारू 13 मई को आएगी 36वीं किस्त

**सीहोर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव 13 मई को नरसिंहपुर के गोटेगांव में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किस्त जारी करेंगे। योजना के तहत एक करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए जाएंगे।

### एमीडाक्लोप्रिड 70: वीजी की बिक्री पर रोक

**सीहोर।** गुजरात के अहमदाबाद की कीटनाशक कंपनी धर्मज क्राप गार्ड लिमिटेड बाक्ला के कीटनाशक एमीडाक्लोप्रिड 70: वीजी का नमूना अमानक पाया गया। इसके बाद जिले में इस कीटनाशक के क्रय–विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि यह नमूना रेहटी की दुकान मेसर्स हिंदुस्तान एग्रो से लिया गया था। जांच में नमूना अमानक निकलाथा।

### रोजगार मेला आज, 1610 से ज्यादा पदों पर भर्ती

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के मौके देने के लिए 12 मई को सुबह 11 बजे महिला आईटीआई संस्थान में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला होगा। मेले में रोजगार विभाग ने स्थानीय, प्रदेश और अन्य राज्यों की कंपनियों को बुलाया है। यहां करीब 16 कंपनियां 1610 से ज्यादा पदों पर युवाओं की भर्ती करेंगी। आईटीआई विभाग अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं का चयन करेगा।

### स्कूलों, कॉलेजों में प्रवेश को लेकर दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों का स्कूल और कॉलेजों में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराया जाए। कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे। अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार और जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

### लंबित राजस्व प्रकरण जल्दी निपटाएंरू कलेक्टर

**सीहोर।** सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा सहित लंबित राजस्व प्रकरणों को लेकर निर्देश दिए गए कि शीघ्र निराकरण किया जाए। नेशनल हाईवे और रेलवे परियोजनाओं के लिए भू–अर्जन की प्रक्रिया तेज की जाए।मुआवजा वितरण की कार्रवाई में भी तेजी लाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि आमजन से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं होगी। सभी प्रकरणों का गुणत्तापूर्ण निराकरण तय समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए।

अरोप लगाया

जिला मुख्यालय स्थित मां गायत्री हॉस्पिटल में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी मयूरी राठौर की प्रसव के बाद मौत हो गइ

# आरोप गलत इंजेक्शन लगाने से हुई प्रसूता की मौत, दावा वांस नली में कुछ अटका था

डीआर संवाददात»सीहोर

जिला मुख्यालय स्थित मां गायत्री हॉस्पिटल में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी मयूरी राठौर की प्रसव के बाद मौत हो गई। ऐसे में मृतिका के परिजन ने मामले को संदिग्ध बताते हुए डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया।

सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थिति को संभाला। पुलिस की निगरानी में तीन डॉक्टरों की टीम ने मयूरी के शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी। मृतका के पति अनिल राठौर ने भी कलेक्टोरेट पहुंचकर अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।



मृतका के पति अनिल राठौर ने बताया कि उन्होंने मयूरी को डिलीवरी के लिए मां गायत्री हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया और रात भर ठीक थीं। सुबह 9.30 बजे तक मेरी पत्नी स्वस्थ थी। लेकिन उसके कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लगाया और महज 5–7 मिनट के भीतर उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते उसने दम तोड़ दिया।

### एएनएम प्रसूता की मौत से अस्पताल की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

मयूरी खुद स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर तैनात थीं। एक स्वास्थ्य कर्मी, जो खुद चिकित्सा प्रक्रियाओं को बेहतर समझती थी, उसके साथ हुई इस अनहोनी ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मां गायत्री हॉस्पिटल का मामला, 3 डॉक्टरों की पैनल ने किया पीएम, रिपोर्ट आने पर होगी जांच

इधर इस मामले में अस्पताल संचालक डॉ. सुजाता परमार का कहना है कि मयूरी के पहले भी दो बच्चे ऑपरेशन से हुए थे। रात के समय उन्हें इमरजेंसी में अस्पताल लाया गया था, इस कारण हमें ऑपरेशन करना पड़ा था। ऑपरेशन सफल रहा था। सुबह भी पेशेंट की मॉनिटरिंग की थी। परिजनों चाय आदि कुछ दिया था जिसके श्वांस नली में अटकने से मौत होने के आसार है। हमने स्वयं इस संबंध में पुलिस को सूचना दी है, ताकि मौत की सही वजह पता लग सके।

### नसबंदी के बाद सर्जिकल कैंची छोड़ना जैसे कई मामले

जनवरी में सीहोर में नसबंदी ऑपरेशन के बाद एक महिला की भी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अंतिम संस्कार के बाद राख में सर्जिकल कैंची मिली, जो डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही दर्शाता है। यही नहीं इससे पहले गंगा आश्रम स्थित सुयश हॉस्पिटल में भी एक गर्भवती की मौत हो गई थी। परिजन ने आरोप लगाए थे कि गलत इंजेक्शन लगाने से उसकी मौत हुई है। जिला अस्पताल में भी सीजर ऑपरेशन के दौरान संग्रामपुर निवासी रानू की मौत हो गई थी। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया था। नसरुल्लागंज के निजी अस्पताल में भी ऑपरेशन के दौरान गलत नस काटने से एक प्रसूता की मौत का मामला भी सामने आया

# अवधपुरी की सबसे बड़ी चोरीरू 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली,

डीआर संवाददात»सीहोर

शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले पॉश इलाके अवधपुरी कॉलोनी में हुई 32 लाख की सनसनीखेज चोरी को आज 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर दीपक जाधव के घर को निशाना बनाने वाले शातिर चोरों का सुराग लगाने में सीहोर पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

यह मामला इसलिए भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर गहरा दाग है क्योंकि जिस मकान में चोरी हुई, उसके तीनों ओर पुलिसकर्मियों के आवास हैं। खाकी की मौजूदगी के बावजूद चोरों ने जिस इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया, उसने शहर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

### घटनाक्रम पर एक नजर

**तारीख** 24 जून को परिवार महाराष्ट्र गया था, 27 जून को चोरी का खुलासा हुआ।

**नुकसान** लगभग 32 लाख रुपये (7 लाख नकद और भारी मात्रा में सोने–चांदी के जेवरात)।

**चोरी गया सामान** रानी हार (10 लाख), मंगलसूत्र, सोने की कटोरी, 20 सोने के मोती, चांदी के सिक्के और भगवान के बर्तन।

### 15 दिन की श्शून्यश उपलब्धि

वारदात के बाद एफएसएल (थ्ैस्) टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे और थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने जल्द खुलासे का दावा किया था। लेकिन दो सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**पड़ोसियों का सवाल** ष्अगर पुलिसकर्मियों के पड़ोस में रहने वाले लोग सुरक्षित नहीं हैं और 15 दिन में पुलिस एक सुराग तक नहीं ढूंढ पाई, तो आम जनता अपनी सुरक्षा के लिए किसके पास जाए?ष

**खंगाले जा रहे ब्ब्ज्ट, पर नतीजा सिफर**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कॉलोनी और आसपास के रास्तों के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं और कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई है। हालांकि, तकनीकी साक्ष्य और जमीनी मुखबिरी के बावजूद आरोपियों का कोई ठोस लोकेशन या पहचान सामने नहीं आ पाई है।

**क्या सुस्त पड़ी जांच?**

अवधपुरी के रहवासियों में

## आंवलीघाट नर्मदा किनारे मिला अधेड़ का शव

डीआर संवाददात»रेहटी

सलकनपुर क्षेत्र के आंवलीघाट स्थित नर्मदा नदी के उत्तरी तट पर सोमवार सुबह एक अधेड़ का शव नदी में उतराता दिखा। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से शव नदी से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान थाना रेहटी के ग्राम पानगुड़रिया निवासी गिरजाशंकर पिता बाबूलाल के रूप में हुई। उम्र 58 साल बताई गई। परिजनों के मुताबिक वह दो–तीन दिनों से घर से लापता था। चौकी प्रभारी बीएस सिकरवार ने बताया कि मृतक लंबे समय से



बीमारी से ग्रसित था। नशे का आदी भी बताया जा रहा है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी।

## विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में टीम यामनी की जीत

डीआर संवाददात»सीहोर

सीहोर के बीएसआई मैदान पर प्रमोद पटेल क्रिकेट अकादमी के सहयोग से आयोजित श्रीमती विमला देवी राय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में टीम यामनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम अंजली को 48 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम यामनी ने 19.1 ओवर में 124 रन बनाए। टीम की ओर से अर्थव व्यास ने सर्वाधिक 36 रन, जय प्रकाश वर्मा ने 17 और आयन खान ने 11 रन का योगदान दिया। टीम अंजली की तरफ से अनंत मेवाड़ा ने 3 विकेट हासिल किए।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम अंजली 14.5 ओवर में 76 रन पर सिमट गई। अनंत मेवाड़ा और नीरज ने 15–15 रन बनाए। टीम यामनी के गेंदबाज शिवांश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए, जबकि तनिष्क भार्गव ने 3 विकेट हासिल किए।

प्रतियोगिता के दूसरे मुकाबले में टीम मानसी ने डीएलएस नियम के आधार पर टीम आरोही को 22 रन से हराया। टीम मानसी ने 20 ओवर में 137 रन बनाए, जिसमें आशीष ने 51 रन की पारी खेली। बारिश प्रभावित मुकाबले में टीम आरोही 9 ओवर में 33 रन ही बना सकी।

## शिक्षा सुधारने अब प्राइवेट छात्र नहीं पढ़ पाएंगे प्रैक्टिकल वाले विषय

डीआर संवाददात»सीहोर।

मप्र उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। अब प्रदेश के किसी भी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में उन विषयों की प्राइवेट (स्वाध्यायी) पढ़ाई पूरी तरह बंद कर दी गई है, जिनमें प्रैक्टिकल कार्य अनिवार्य होता है। विभाग का मानना है कि प्रैक्टिकल के बिना इन विषयों की पढ़ाई अधूरी है और इससे डिग्री की प्रामाणिकता पर सवाल उठते हैं। बता दें कि सीहोर जिले में 14 शासकीय कॉलेज और 40 से अधिक निजी कॉलेज हैं जहां पारंपरिक विषयों की पढ़ाई होती है। अब तक आर्ट–कॉमर्स के साथ साइंस के स्टूडेंट भी प्राइवेट फार्म भरकर पढ़ाई करते थे। लेकिन इस सत्र से प्रैक्टिकल वाले विषयों को प्राइवेट छात्रों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब छात्रों को फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायलॉजी और अन्य विज्ञान संकाय के विषयों की पढ़ाई करने के लिए अनिवार्य रूप से नियमित (रेगुलर) छात्र के रूप में कॉलेज में प्रवेश लेना होगा। बता दें कि इन दिनों कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन का दौर चल रहा है।

# 18 – खंभे तोड़कर 11 केवी तार चोरी 4 चोर गिरफ्तार, हथियार, कार जब्त

डीआर संवाददात»इछावर

इछावर थाने में 4 मई को सहायक – यंत्री उप संभाग इछावर विदुर दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया कि 3 मई की रात रामनगर और मोलगा के बीच 11 केवी क लाइन के 18 खंभे तोड़कर अज्ञात चोर बिजली के तार चोरी कर ले न गए। रिपोर्ट पर अपराध कायम ह किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते चहुए एसपी सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस ब्द अधीक्षक सुनीता रावत के का मार्गदर्शन में एसडीओपी रोशन म कुमार जैन ने थाना प्रभारी इछावर पंकज वाडेकर के नेतृत्व में टीम की बनाई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य जुटाए। मुखबिर से सूचना ली। संदेहियों को अभिरक्षा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में में आरोपियों ने जुर्म कबूल किया।

पुलिस ने अयान खां पिता मन्नान खां उम्र 20 साल निवासी कोलीपुरा इछावर, जेद हसन पिता मेहबूब हसन उम्र 20 साल निवासी ग्राम ब्रिजिशनगर, राजेन्द्र मेवाड़ा पिता मनोहर मेवाड़ा उम्र 20 साल निवासी ब्रिजिश नगर, राजा बामनिया पिता प्रेम बामनिया उम्र 19 साल निवासी ग्राम ब्रिजिशनगर को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 18 खंभों के चोरी गए बिजली तार बरामद किए।

तार की कीमत करीब 8 लाख रुपए बताई गई। घटना में इस्तेमाल कटर, दराता, ओमनी वैन भी जब्त की गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। आगे की विवेचना जारी है।

## वाटर पार्क में विवाद, 4 युवक घायल, कर्मचारियों पर केस

डीआर संवाददात»सीहोर

सीहोर वीकेंड मनाने शहर के क्रिसेंट वाटर पार्क आए भोपाल के चार युक्कों का कर्मचारियों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ा। कर्मचारियों ने चारों युवकों के साथ जमकर मारपीट की। युवक घायल हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने कर्मचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।



पुलिस के मुताबिक भोपाल के अरेय कॉलोनी निवासी कॉलोनी निवासी अंकित राय रविवार को साथियों तरुण शर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, चिंटू के साथ वाटर पार्क आए थे। नहाते वक्त किसी बात पर कर्मचारियों से कहासुनी हुई। इसके बाद कर्मचारियों ने चारों को पीटा।

घटना के बाद युक्क रिपोर्ट लिखाने कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने एफआईआर नहीं, एनसीआर लिखकर लौटा दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल अंकित राय की तबीयत बिगड़ी। दोस्त उसे जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल से एमएलसी पहुंची। उत्कर्ष की शिकायत पर वाटर पार्क के चार कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज किया। दो कर्मचारियों को हिरासत में लिया। पूछताछ पूछताछ में कर्मचारियों नेबताया कि कि युवक वाटर पार्क पार्क में मौजूद महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। मना किया गया।

### डाक विभाग शुरू करेगा घर से पार्सल पिकअप सुविधा

**सीहोर।** सीहोर में भारतीय डाक विभाग ने ग्राहकों की सुविधा के लिए पोस्टमैन पिकअप सेवा शुरू की है। अब लोग प्राइवेट कंपनियों की तरह अपने घर या ऑफिस से ही पार्सल बुक करा सकेंगे। विभाग के कर्मचारी निर्धारित नियमों के तहत ग्राहक के पते से पार्सल प्राप्त कर उसे डाकघर में बुक करेंगे और बाद में रसीद उपलब्ध कराएंगे। यह सुविधा देश और विदेश दोनों जगह पार्सल भेजने के लिए उपलब्ध रहेगी। सीहोर प्रधान डाकघर क्षेत्र के ग्राहक पार्सल पिकअप के लिए वितरण कार्यपालक सीहोर से

श्रम दान

## वार्ड-21 में तालाब सौंदर्याकरण और पुनर्जीवन कार्य का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

# तालाब हमारी प्राचीन संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं

डीआर संवाददात> सीहोर

वार्ड क्रमांक 21 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तालाब के सौंदर्याकरण और पुनर्जीवन कार्य का भूमिपूजन सोमवार को हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर भूमिपूजन किया। काम 23 लाख रुपए की लागत से होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे। नगर पालिका के विकास कार्यों की सराहना की। पूरे क्षेत्र में विकास और जनकल्याण के



संकल्प के साथ उत्साह का माहौल रहा।

प्रिंस राठौर ने कहा, नगर पालिका परिषद शहर के विकास के साथ जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन पर लगातार काम कर रही है। तालाब हमारी प्राचीन संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक धरोहर का अहम हिस्सा हैं। बीते वर्षों में जल स्तर घटा। प्रदूषण बढ़ा। तालाबों का संरक्षण और पुनर्जीवन समय की बड़ी जरूरत बन गया। इसी उद्देश्य से नगर पालिका परिषद शहर के अलग–अलग तालाबों को संरक्षित करने और विकसित करने का काम प्राथमिकता से कर रही है।

### क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा

राठौर ने कहा, इस तालाब के सौंदर्याकरण और पुनर्जीवन से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी। वर्षा जल संरक्षण होगा। भू–जल स्तर में सुधार होगा। पर्यावरण संतुलन को मजबूती मिलेगी। आने वाले समय में यह स्थल क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। नागरिकों को स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिलेगा। राठौर ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चल रही है। नगर निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद भी इसी संकल्प के साथ हर वार्ड में आधारभूत सुविधाएं, सड़क, पेयजल, स्वच्छता और सौंदर्याकरण के काम तेजी से करा रही है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाह, संतोष शाक्य, राजेश मांझी, अर्जुन राठौर, दिनेश कुशवाह, लोकेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

## सूरज हुआ मद्धम, लेकिन तपन नहीं, रात 9 बजे पारा 34 डिग्री

डीआर संवाददात> सीहोर

मई के पहले पखवाड़े में ही रातें भट्टी की तरह तप रही हैं। सोमवार को दिन का पारा 40. 5 डिग्री दर्ज हुआ। रात का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री पर पहुंच गया। रात 9 बजे भी तापमान 34 डिग्री रहा। सूरज ढलने के घंटों बाद भी धरती ठंडी नहीं हो रही है। गर्मी ने रातों में भी बेचौनी बढ़ा दी है।

मौसम विभाग ने क्षेत्र में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में में तापमान 2 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार टर्फ लाइन और साइक्लोन सर्कुलेशन की एक्टिविटी से



बादल छाए रहे। अब मौसम साफ हो गया है। दिन के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। आमतौर पर शाम 7 बजे के बाद तापमान गिरना शुरू होता है। अभी रात 10 बजे तक पारा 34–35 डिग्री के आसपास बना हुआ है। इससे रात में भी हीट स्ट्रोक का खतरा बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 2–3 दिनों तक तेज गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। जिला अस्पताल के एमडी डॉ. आरके वर्मा ने कहा, इस मौसम में पानी अधिक से अधिक पिएं। तेज धूप में निकलने से बचें।

### लू का अलटर्रू मई में तपन बढ़ी

पांच साल का रिकॉडर्रू पिछले साल 11 मई को अधिकतम तापमान 38 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। इससे पहले के सालों में 11 मई को तापमान 40 डिग्री के पार रहा। 11 मई 2025 को अधिकतम 38 डिग्री, न्यूनतम 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। 2024 में अधिकतम 40.5, न्यूनतम 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। 2023 में अधिकतम 41.5, न्यूनतम 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वर्ष 2022 में अधिकतम 41.8, न्यूनतम 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल 12 पक्ष - 2083 सीहोर, दिन मगंलवार, दिनांक 12 मई 2026


आरोप

### सिविल अस्पताल में पदस्थ महिला चिकित्सक फिर विवादों में घिरी

# डॉक्टर ने ऑपरेशन से प्रसव कराने मांगे 13000 रूपए. , नहीं देने पर सीहोर रेफर किया, नोटिस जारी

डीआर संवाददाता»आष्टा

नगर के सिविल अस्पताल में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ. संधु आर्य फिर विवादों मे घिर गई हैं। ऑपरेशन से डिलेवरी कराने के बदले 13 हजार रुपए मांगने का आरोप लगा है। शिकायत के बाद बीएमओ डॉ. अमित माथुर ने डॉ. संधु आर्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दो दिन में जवाब मांगा गया था। जवाब देने की समय-सीमा निकल चुकी है। मंगलवार 12 मई तक जवाब नहीं आया तो दोबारा नोटिस जारी होगा। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी दर्ज है। अस्पताल प्रबंधन और महिला डॉक्टर के बीच नोटिस का - सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। कार्रवाई के नाम पर ने कुछ नहीं हुआ है।




आष्टय निवासी शकील खां ने 7 मई को सीएम हेल्पलाइन और बीएमओ डॉ. अमित माथुर को लिखित शिकायत दी। शिकायत में कहा कि शहाना बी की डिलेवरी ऑपरेशन से कराई गई। डिलेवरी के बाद डॉ. संधु आर्य ने परिजनों से 13 हजार रुपए मांगे। शिकायत में यह भी आरोप है कि पैसे नहीं देने पर मरीज को सीहोर रेफर करने की बात कही गई। शिकायत मिलने के बाद बीएमओ डॉ. अमित माथुर ने 8 मई को डॉ. संधु आर्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया। दो दिन में जवाब देने के निर्देश दिए। बीएमओ डॉ. अमित माथुर ोंने कहा कि लिखित आवेदन मिला है। सीएम हेल्पलाइन की माथुर ने 8 मई शिकायत भी मिली है। आरोप गंभीर हैं। जवाब आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई होगी।

**ड्यूटी में मनमर्जी, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं**

बताया जाता है कि डॉक्टर संधु आर्य द्वारा ड्यूटी में भी मनमानी की जाती है। ओपीडी में महिला मरीज इंतजार करती रहती हैं जबकि उनका अस्पताल आने का समय 12 बजे है या बिना पूछे छुट्टी भी कर लेती हैं। -सूत्रों के अनुसार डॉ. सिंधु आर्य के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। बताया जाता है कि विभिन्न मामलों में किए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। यहीं कारण है कि अस्पताल में उनकी कार्यशैली लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। पहले भी अनेक शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पर हुई हैं और अब मामला सीएम हेल्पलाइन तक पहुंचने के बाद लोगों की नजर स्वास्थ्य विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। देखना होगा कि विभाग इस मामले में क्या कदम उठाता है।

**24 से ज्यादा नोटिस कर चुके जारी**

महिला चिकित्सक को पहले भी बीएमओ दो दर्जन से अधिक नोटिस जारी कर चुके हैं। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर भी अनेक शिकायतें दर्ज हैं। मजे की बात यह है कि इसमें महिला डॉक्टर पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। यहीं वजह है कि उनके हौंसले बुलंद हो गए हैं तथा आए दिन मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार के साथ रुपए की मांग की जा रही है। बीएमओ डॉ माथुर ने यह स्वीकार किया कि अभी तक जवाब नहीं आया है। जबकि समय पूरा हो चुका है। अगर मंगलवार को जवाब नहीं आया तो दोबारा नोटिस जारी किया जाएगा।

**अधिकारियों को जानकारी दे चुके हैं**

*महिला डॉक्टर को अभी तक मेरे द्वारा एक दर्जन से अधिक नोटिस दिए जा चुके हैं। वह अपनी आदत में सुधार नहीं कर पा रही हैं। एक बार फिर उन्होंने रुपए की मांग परिजनों से करने की शिकायत मिली है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया हैं।*

**-डॉ. अमित माथुर, बीएमओ**

## अतिक्रमण अतिक्रमणकारियों की चेतावनी-प्रशासन मुनादी तक सीमित

डीआर संवाददात»आष्टा

नगर के प्रमुख मार्गो से लेकर मोहल्लों की गलियों तक अतिक्रमण फैल गया है। कई जगह लोगों ने आधी सड़क पर कब्जा कर रखा है। महीनों से घरेलू सामान, दूसरा मटेरियल, जर्जर हालत में पहुंचे - वाहन सड़कों पर पड़े हैं। पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर रहे हैं। लोग नगर पालिका में कई बार शिकायत - कर चुके हैं। समाधान नहीं हुआ।

नगर पालिका अतिक्रमण हटाने को लेकर अलाउंस करती है। तीन दिन का समय देकर चेतावनी दी जाती है। अतिक्रमण हटाने में प्रशासन की कार्रवाई मुनादी तक सीमित है।

इन दिनों अतिक्रमणकर्ता प्रशासन पर हावी नजर आ रहे हैं। अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी जिन पर है, वे ध्यान नहीं दे रहे। बस स्टैंड, पुराना हाईवे रोड, बुधवारा रोड, कन्नौद रोड, पुराना बस स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी रोड, अलीपुर चौराहा, इंदौर भोपाल रोड पर अतिक्रमण है। मोहल्लों की गलियां भी सुरक्षित नहीं हैं।



वार्ड 8 काजीपुरा में महीनों से गलियों में कार, ऑटो, स्कूटर, सायकल, ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर खड़े हैं। लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। पार्वती पुल के पास नीम के नीचे यात्री प्रतीक्षालय बना है। यात्री बस के इंतजार में यहां बैठते हैं। नीम के नीचे से लेकर प्रतीक्षालय तक लोगों ने कब्जा कर दुकानदारी खोल ली है। सवारियों के खड़े होने तक की जगह नहीं बची। नगर के दूसरे मागों पर भी यही हाल है। भोपाल नाका प्रतीक्षालय में भी ऐसे ही हालात हैं। कन्नौद रोड समेत दूसरे मार्गो के प्रतीक्षालयों पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। कई जगह असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है

## न्यूज गैलरी

### एनआईएसएम क्विज में आष्टा कॉलेज के 3 छात्र टॉप-3 में

**आष्टा।** शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय नके बीबीए विभाग के विद्यार्थियों ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स की नेशनल फाइनेंशियल लिटरेसी क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीबीए के तीन विद्यार्थी निशिका जैन, प्राची मोटवानी, प्रयाग पाठक - ने टॉप-3 में स्थान बनाया। तीनों विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के महाविद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने कहा, यह उपलब्धि

### गोस्वामी समाज की शोभायात्रा का हुआ स्वागत

**आष्टा।** आष्टा में अखिल भारतीय गोस्वामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का हिंदू उत्सव समिति ने खंडेलवाल चौराहे पर भव्य स्वागत किया। नारायण भूरू मुकाती के नेतृत्व में श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई। शोभायात्रा मानस भवन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकली।

भगवान भोलेनाथ की आकर्षक प्रतिमा और संत बाबा की उपस्थिति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष का साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस दौरान पंकज यादव, प्रदीप राठौर, रवि शर्मा, मुकेश राठौर, संतोष शर्मा सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

### कृषि उपज मंडी में 21099 क्विंटल की आवक

**आष्टा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को कुल 21099 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। मंडी में गेहूं सुजाता 3400 से 4536, लोकवन 2453 से 2895, पूर्णा 2455 से 2775 रुपए प्रति क्विंटल बिका। चना कांटा 3201 से 5435, चना सफेद 7001 से 8301 और सोयाबीन पीला 2300 से 7851 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। राई, मसूर और आमचूर के दामों में भी तेजी रही। फल-सब्जी मंडी में प्याज 100 से 1299 और लहसुन 1100 से 12440 रुपए प्रति क्विंटल बिका। सब्जी मंडी में कुल आवक 2456 क्विंटल रही।

## कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित

डीआर संवाददात»सीहोर

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तय समय में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, जनगणना, नेशनल हाईवे एवं रेलवे परियोजनाओं के भू-अर्जन, वनाधिकार दावों के पंजीयन, स्कूल चले हम अभियान, गेहूं उपार्जन और समग्र ई-केवाईसी सहित विभिन्न



योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। कई विभागों में धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की स्लॉट बुकिंग के अनुसार समय पर खरीदी सुनिश्चित की जाए और कोई भी किसान उपार्जन से वंचित न रहे। उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही चना और मसूर उपार्जन कार्य की समीक्षा कर व्यवस्थाएं बेहतर बनाने को कहा गया।

जनगणना कार्य को राष्ट्रीय महत्व का बताते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को गंभीरता से जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाने और पूर्ण कार्यों को पोर्टल पर अपलोड करने को कहा।

स्कूल और कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनजागरूकता

## कुबेरेश्वरधाम: सीता रसोई में सेवा जारी

डीआर संवाददात»सीहोर

जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर नियमित रूप से निशुल्क भंडारे का आयोजन हो रहा है। यहां हर रोज देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आने वाले श्रद्धालुओं को कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में दुनिया की सबसे बड़ी भोजनशाला से निशुल्क भोजन प्रसादी बांटी जा रही है।

विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि मां अन्नपूर्णा की कृ



पा से कुबेरेश्वरधाम स्थित सीता रसोई में सेवा लगातार चल रही है। यहां रोज श्रद्धा और भक्ति भाव से आने वाले सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी प्रेम से दी जा रही है। दूर-दूर से आए भक्त मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद ग्रहण कर खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं। समिति के मुताबिक यह सेवा निरंतर जारी है।

## पुलक सागर के अवतरण दिवस पर आटे के पैकेट बाटे

डीआर संवाददात»आष्टा

आष्टा आचार्य श्री 108 पुलक सागर महाराज के अवतरण दिवस पर अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच मेन और महिला जागृति मंच मेन के संयुक्त तत्वावधान में जरूरतमंद परिवारों को आटे के पैकेट बटि गए। इस दौरान आचार्य श्री के दीर्घायु, स्वस्थ और मंगलमय जीवन की कामना की गई।

महिला जागृति मंच मेन की अध्यक्ष श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल ने कहा कि आचार्य श्री वर्तमान समय के प्रख्यात दिगंबर जैन संत हैं। उन्होंने ओजस्वी और कड़वे प्रवचनों से समाज को दिशा दी। युवाओं को



आध्यात्मिकता, नैतिकता और संस्कारों की राह दिखाई।

श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि आचार्य श्री का जन्म 11 मई 19 70 को छत्तीसगढ़ के धमतरी में हुआ था। सांसारिक नाम पारस जैन हैं। अल्पायु से ही झुकाव अध्यात्म और संयम की ओर रहा। 23 वर्ष की आयु में संसार का त्याग किया। आचार्य श्री पुष्पदंत सागरजी महाराज से 27 जनवरी 1993 को दीक्षा ली। कार्यक्रम में श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल, प्रीति जितेन्द्र जैन, दीपा दीपक जैन, शीतल भूपेंद्र जैन, रागिनी दिनेश जैन, जिनी अनिरुद्ध जैन, सौरभ जैन, सुनील जैन सहित अन्य ने आचार्य श्री पुलक सागर महाराज के बताए मार्ग पर

## हाट बाजार में ठेकेदार के मनमर्जी के शुल्कों को

डीआर संवाददात»आष्टा

पशुओं के साप्ताहिक बाजार में ठेकेदार पर मनमाने शूल्क वसूलने का आरोप लगा है। इसे लेकर पक्ष और विपक्ष के पार्षद एक साथ आए। पार्षदों ने नगर पालिका परिषद की रसीद काटने में रेट बढ़ाने की बात कही। पार्षदों का कहना है कि यह बढ़ोतरी उनकी सहमति के बिना की जा रही है। पशु बाजार में व्यापारियों की खरीद-फरोख्त पर इसका असर पड़ रहा है। इसी मुद्दे पर पार्षदों में आक्रोश दिखा। पार्षदों ने नपा सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई।



मामले में पिछले 4 सालों में विपक्ष की भूमिका निभाने वाली कांग्रेस के पार्षदों की भूमिका पर भी सवाल उठे। कहा गया कि सत्ता पक्ष और विपक्ष की मिली-जुली सांठगांठ के चलते कांग्रेस जनता की आवाज क्यों नहीं बनी। इसी ज्ञापन में कांग्रेस का एक और नजारा दिखा। शहर में पार्टी के 4 पार्षद हैं। इनमें सिर्फ 2 पार्षद ही नजर आए। नपा सीएमओ विनोद प्रजापति ने बताया कि छोटे पशु की रसीद 100 रुपए की कट रही है। बड़े जानवर की रसीद 300 रुपए की कट रही है। यह परिषद की बैठक में पास हुई है। इससे अधिक राशि लेने की शिकायत आती है तो जांच कराई जाएगी।

### कांग्रेस नेता टीकम माहेश्वरी का निधन

**जावर।** कजलास के वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीकम माहेश्वरी का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उनकी शव यात्रा निज निवास से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्मशान घाट पर उनके पुत्र पवन माहेश्वरी ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, कमल सिंह चौहान, अकबर सिद्दीकी, किशोर पाटीदार, महेंद्र सिंह टीपाखेड़ी

श्रद्धांजली

### अभा क्षत्रिय महासभा का सदस्य प्रतिमाह वीसी का आयोजन

## भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत में हुए शहीदों को किया याद, दी श्रद्धांजलि

डीआर संवाददात» सीहोर

10 मई 1857 को मेरठ में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई थी। जिसे सिपाही विद्रोह भी कहर्ष जाता है। उक्त समय भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ बगावत कर दी और दिल्ली की ओर कूच किया। इस क्रांति का मुख्य कारण चरवी बाले कारतूसों का प्रयोजन था।

10 मई 1857 की वह ऐतिहासिक दिन केवल एक सैनिक विद्रोह नहीं थीं, वल्कि भारतीय जनमानस में वर्षों से सुलग रहे असंतोष का विस्फोट था।

इस एतिहासिक 10 मई



1857 की कान्ति मेरठ से सुरु करनें वाले देशभक्त वीर गुर्जर धन सिंह कोतवाल सहित असंख्य क्रान्तिकारियों में सभी जातियों से थे, जिनमें अधिकांश राजपूत समाज से थे। सभी क्रान्तिकारियों जिसे क्रांति दिवस भी कहां। इस दिन को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर द्वारा सभी क्रांति कारियों को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण करते हुए अद्धांजलि, नमन वंदन किया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के लगभग 36 सक्रिय सदस्य प्रति माह वीसी का आयोजन इस आशय के साथ करते हैं कि समाज के यह व्यक्ति मिलकर सामाजिक

गतिविधियों एक दूसरे से पारस्परिक संपर्क होता रहे। जागरूकता आती है। विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के सम्बन्ध में भी चर्चा होती है। युवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाता है, क्योंकि यदि हमारा युवा सक्रिय, मजबूत व आपसी सहमति का भाव होगा तो हमारा परिवार, समाज, व देश मजबूत होगा व प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा। वीसी आयोजन का हमारा यही मुख्य उद्देश्य हैं। बीसी का आयोजन वर्ष 2004-05 से निरन्तर करते आ रहे हैं। तभी हमारा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा संगठन मजबूत हो कर निरन्तर समाज हित में कार्य कर रहे हैं। उक्त जानकारी गणेश सिंह चौहान अध्यक्ष द्वारा कहा गया। कार्यक्रम का संचालन व श्रद्धांजलि ठाकुर गोपाल सिंह संगठन सचिव अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा किया गया। बैठक में डाक्टर महेंद्र सिंह राठौड़, जितेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश दरबार, धीरेन्द्र सिंह राजावत, शिवशंकर सिंह, गोपाल

## 15 माह बाद नपा कर्मचारी सभी आरोपों से बरी

डीआर संवाददात»आष्टा

आष्टा नगर पालिका के कर्मचारी अजय द्विवेदी पर 31 जनवरी 2025 को एक महिला ने आरोप लगाए थे। इसी प्रकरण में की गई रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया। 31 जनवरी की रात पुलिस ने अजय द्विवेदी को घर से पकड़ा। गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश किया। उसी समय न्यायालय ने उन्हें आरोपी मानते हुए जेल भेज दिया था। प्रकरण 15 माह तक न्यायालय में विचाराधीन रहा।

न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध नहीं कर पाया। द्वितीय जिला व सत्र न्यायाधीश विजय दांगी ने धारा 183 बीएनएस के कथन और न्यायालयीन कथन में गंभीर विरोधाभास पाया। प्रकरण संदेहास्पद माना गया। अजय को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर अजय के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। उन पर मोबाइल से अश्लील चित्र भेजने का आरोप था। अजय 15 माह से मानसिक रूप से पीड़ित रहे।

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष – 12,2083 विदिशा, दिन मंगलवार,दिनांक 12 मई,2026


## न्यूज गैलरी

### आर्थिक मदद जारी

**विदिशा।** उपखण्ड अधिकारी के द्वारा आरबीसी के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता के आदेश जारी किए गए है। जारी आदेश में उल्लेख है कि ग्राम अहमदानगर नाले में डूबने से दीपक अहिरवार की मृत्यु हो जाने पर मृतक के पिता श्री नथन सिंह अहिरवार पुत्र नारायण सिंह अहिरवार निवासी अहमदानगर को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता आरबीसी 6(4) के प्रावधानो तहत जारी की गई है।

### पीसीपीएनडीटी की बैठक 13 को

**विदिशा।**गर्भ पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति पीसीपीएनडीटी की बैठक बुधवार 13 मई को आयोजित की गई है। यह बैठक सीएमएचओ कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक की सूचना समिति के सभी सदस्यों को सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार के द्वारा सम्प्रेषित की गई है।

### बेतवा तट पर गूंजा श्रमदान संदेश

**विदिशा।** प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में रुद्राक्ष, आवरण व शीतला सोसाइटी द्वारा संचालित चलो घाट की ओर श्रमदान अभियान का पांचवां दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। युवाओं ने बेतवा तट पर साफ–सफाई कर प्लास्टिक, पूजन सामग्री व जलकुंभी हटाई। प्रतिभागियों ने नदी को आस्था और जीवन का आधार बताते हुए नियमित श्रमदान का संकल्प दोहराया। नवांकुर संस्था के हजारीलाल पाटस्कर सहित अनेक युवाओं ने सहभागिता निभाई।

### मेलों की जानकारी शीघ्र संकलित करने के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में जिले में आयोजित होने वाले पारंपरिक एवं धार्मिक मेलों की विस्तृत जानकारी धार्मिक न्यास विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन हेतु समय पर राशि स्वीकृत हो सके, इसके लिए प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं। बैठक में सभी एसडीएम और जनपद सीईओ से उनके क्षेत्रों के मेलों का विवरण एकत्रित किया गया। कलेक्टर ने समन्वय बनाकर समयबद्ध जानकारी देने के निर्देश दिए।

### बैठक 13 को होगी

**विदिशा।** गर्भ पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति पीसीपीएनडीटी की बैठक बुधवार 13 मई को आयोजित की गई है। यह बैठक सीएमएचओ कार्यालय में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक की सूचना समिति के सभी सदस्यों को सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार के द्वारा दी गई है।

### बावड़ियों की सफाई और सूचना बोर्ड लगाने निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले की सभी बावड़ियों की विशेष सफाई कर संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक बावड़ी पर इतिहास और महत्व दर्शाने वाले सूचना बोर्ड लगाने को कहा गया। बैठक में तालाब गहरीकरण, जल स्रोत संरक्षण व पुनर्जीवन कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई।

## अपर कलेक्टर ने लटेरी क्षेत्र में जनगणना कार्यों का निरीक्षण किया

# जनगणना में लापरवाही न करें, गंभीरत के साथ समयसीमा में काम पूरा करने निर्देश

**दावा–आपत्ति आवेदन पत्रों के निराकरण की अंतिम तिथि 30 मई तक रहेगी।**

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा



अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने नगरपालिका लटेरी के शहरी वार्ड 6, 7 एवं 8 सहित तहसील लटेरी अंतर्गत ग्राम झुकर जोगी, नैनवास, सुनखेर, ओखली खेड़ा एवं आनंदपुर में चल रहे जनगणना कार्यों का निरीक्षण किया गया।

अपर कलेक्टर श्री डामोर ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों एप्लीकेशन के माध्यम से किए जा रहे जनगणना कार्यों का अवलोकन कर जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित

विदिशा। जनगणना कार्यों का निरीक्षण

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय–सीमा में किया जाए। ताकि प्रत्येक परिवार एवं नागरिक की सही जानकारी दर्ज हो सके। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने क्षेत्र के नागरिकों से चर्चा कर जनगणना प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली तथा आमजन से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की करने लटेरी पहुंचे अपर कलेक्टर।

महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाती है। निरीक्षण के दौरान लटेरी एसडीएम अनिल कछवारे एवं संबंधित अधिकारी, सुपरवाइजर एवं प्रगणक उपस्थित रहे। इधर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम का हवाला देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहनी शमां ने बताया कि 23 अप्रैल को जारी अधिसूचना के अनुसार संचालन किया जाएगा। नगरीय निकायों एवं पंचायतों के निर्वाचन के लिए 1 जनवरी 2026

### ऐसे होगी पूरी प्रक्रिया पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत विभिन्न

चरणों में कार्रवाई की जाएगी। सबसे पहले फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगरपालिकाओं, वार्डों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। यह कार्य 15 मई तक पूर्ण किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सौंपी गई है।

इसके पश्चात मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा विलोपन से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। यह प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ होकर 25 मई को दोपहर 3 बजे तक चलेगी। जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों के 331 मतदान केन्द्रों तथा जनपद पंचायतों के 1538 मतदान केन्द्रों पर दावे एवं आपतियां स्वीकार की जाएगी। इस कार्य के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

की तिथि के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा।

### दावे आपत्ति की अंतिम तिथि 30 मई

प्राप्त दावा–आपति आवेदन पत्रों के निराकरण की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई है। इसके बाद संशोधित एवं अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून को नगरपालिकाओं, ग्राम पंचायतों एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर किया जाएगा जिला निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि कार्यक्रम प्रभावशील रहने तक समय–समय पर मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार–प्रसार भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपने नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित कर सकें।

## मेडिकल कॉलेज से इलाज के दौरान लापता हुआ मरीज



डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा मेडिकल कॉलेज से 45 वर्षीय कल्लू बंजारा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इमलापुर निवासी कल्लू की तलाश में परिजन पिछले दो दिनों से परेशान हैं, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 8 मई की रात कल्लू बंजारा को सीने में दर्द की शिकायत होने पर उनके पिता रोडजी बंजारा इलाज के लिए विदिशा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। उन्हें पहले इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया, बाद में मेडिकल वार्ड में शिफ्ट किया गया। जांच और उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी थी और दवाइयां लिखी थीं।

बताया गया कि 9 मई की दोपहर करीब 1रू30 बजे रोडजी बंजारा दवाइयां लेने गए थे। जब वे वापस लौटे तो कल्लू वार्ड से गायब मिले। इसके बाद परिजनों ने मेडिकल कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

परिजनों ने पुलिस की मदद से मेडिकल कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले, लेकिन अब तक कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा है। रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया गया, मगर कल्लू का पता नहीं चल पाया।परिजनों के मुताबिक, कल्लू का परिवार गांव के अलावा जयपुर और जोधपुर में मजदूरी का काम करता है। तबीयत खराब होने के चलते वह हाल ही में गांव लौटे थे। उनके परिवार में एक बेटा और चार बेटियां हैं। बेटे और तीन बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि सबसे छोटी बेटी की शादी अभी बाकी है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और लापता कल्लू बंजारा की तलाश जारी है।

## नकली कृषि सामग्री पर बड़ा एक्शनरू 22 विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त–निलंबित

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा जिले में किसानों को नकली और अमानक खाद, बीज व कीटनाशकों से बचाने के लिए कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वर्ष 2025–26 के विशेष अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 कीटनाशक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त या निलंबित किए गए हैं।

जिलेभर में चलाए गए निरीक्षण अभियान के दौरान कृषि विभाग की टीमों ने उर्वरक, बीज और कीटनाशक दुकानों की जांच की। अधिकारियों ने रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस शर्तों और विक्रय प्रक्रिया की जांच की, जिसमें कई दुकानों पर गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

कार्रवाई ग्यारसपुर, नटेरन, विदिशा, सिरोंज, लटेरी, बासौदा और कुरवाई विकासखंडों में की गई। जिन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई हुई उनमें किसान बाजार ग्यारसपुर, हरसिद्धि ट्रेडर्स, कृषा कृषि सेवा केंद्र गुलाबगंज, दांगी कृषि सेवा केंद्र, महादेव कृषि सेवा केंद्र, आदित्य कृषि सेवा केंद्र और बंधुश्री कृषि सेवा केंद्र शामिल हैं।

कृषि विभाग ने किसानों से केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही कृषि सामग्री खरीदने और हर खरीद पर पक्का बिल लेने की अपील की है। विभाग ने कहा कि किसी भी शिकायत या धोखाधड़ी की जानकारी तुरंत कृषि विभाग को दें। अधिकारियों के मुताबिक किसानों को घटिया और नकली कृषि सामग्री से बचाने के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## अब खाद के लिए 50: की बाध्यता खत्म, एक क्लिक पर मिलेगा यूरिया

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

जिले के किसानों के लिए यहत भरी खबर है। अब यूरिया के लिए उन्हें न तो बार–बार लाइनों में लगना होगा, न ही खाद की कमी को लेकर प्रदर्शन करना होगा। शासन ने उर्वरक वितरण – प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए 50 प्रतिशत खाद की जरूरत वाली पुरानी बाध्यता को समाप्त कर दिया है। अब किसान ई–विकास पोर्टल के माध्यम से अपनी जरूरत का शत–प्रतिशत खाद एक ही बार में उठा सकेंगे।

ई–टोकनः घर बैठे मिलेगी खाद की गारंटीः अब खाद वितरण कार्यक्रम पूरी तरह डिजिटल होगा। किसान अपनी जमीन और फसल के अनुसार ई–टोकन प्राप्त करेंगे। खास बात यह है कि एक बार निर्धारित

### खाद को लेकर क्यों लिया गया यह फैसला?

पिछले साल यूरिया की किल्लत और वितरण की जटिल प्रक्रिया के कारण जिले में कई जगह चक्काजाम और आंदोलनों की स्थिति बनी थी। पहले बोवनी से था। बाकी के लिए किसान टोकन और पोर्टल के चक्कर काटते थे। इसी आक्रोश और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इस साल ई–विकास प्रणाली लागू की गई है। पहले केवल आधा यूरिया मिलता कोटा लेने के बाद भी जरूरत पड़ने पर किसान दो बार और खाद ले सकेंगे। इससे समितियों और निजी विक्रेताओं के पास लगने वाली लंबी कतारों से राहत मिलेगी। वहीं किसानों को भी सुविधा मिलेगी।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार ई–विकास पोर्टल पर पंजीयन कर ई–टोकन प्राप्त करें। इसके बाद वे सुविधानुसार किसी भी निजी विक्रेता या समिति से उर्वरक ले सकते हैं। अब वितरण की कोई बाध्यता नहीं है। के. एस. खपेड़िया, उप संचालक कृषि

### जरूरत के मुताबिक ही खेतों में डालें यूरिया

किसान उतनी ही खाद डालें, जितनी जमीन को जरूरत हो। अधिक खाद मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नष्ट कर सकती है। बेहतर होगा कि किसान मिट्टी परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर ही खाद का उपयोग

## 16 जिलों की 103 दीदियां ले रहीं प्रशिक्षण

डीआर संवाददाता ⏭सिरोंज

विद्या भारती मध्यभारत प्रांत सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान भोपाल का प्रांतीय फाउण्डेशनल स्टेज आचार्य 15 दिवसीय सामान्य प्रशिक्षण एवं आचार्य दक्षता वर्ग सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें विद्याभारती द्वारा संचालित विद्यालय की दीदियों का प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप किया जा रहा है।वर्ग उद्घाटन में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मंत्री डॉक्टर राजश्री वैद्य, प्रांतीय सह सचिव चन्द्रकांत त्रिपाठी, वर्ग पालक



अधिकारी एवं विभाग समन्वयक मुकुट बिहारी शर्मा, वर्ग संयोजका मीरा गोयल, प्रांत संयोजिका फाउण्डेशनल स्टेज सुरेखा ठाकुर, सहप्रांत प्रमुख एवं दक्षता वर्ग पालक अधिकारी रामदयाल लहरपुरे एवं दक्षता वर्ग संयोजिका प्रतिभा राजपूत उपस्थित रहीं। इस प्रशिक्षण वर्ग में मध्यभारत प्रांत के 16 जिलों से 103 दीदियां सहभागी होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

## जनता को अब विकास चाहिए: भाजपा बैठक में बोले मंत्री लखन पटेल

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा में सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला कोर कमेटी और जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के विधायक, पार्टी पदाधिकारी और प्रभारी मंत्री लखन पटेल शामिल हुए। इस दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर की तैयारियां, आगामी कार्यक्रमों और सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई।

प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने




कहा कि जनता अब विकास चाहती है और भाजपा उसी दिशा में लगातार कार्य कर रही है। पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए पटेल ने कहा कि वहां लंबे समय तक लेफ्ट और ममता बनर्जी की सरकार रही, लेकिन जनता विकास का इंतजार करती रही। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और पश्चिम बंगाल में भी विकास की गति तेज होगी।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष चुनाव हारने के बाद लोकतंत्र पर सवाल उठाने लगता है। जहां कांग्रेस जीतती है वहां सब ठीक माना जाता है, लेकिन हारने पर आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने ऐसे बयानों को लोकतंत्र के लिए अनुचित बताया।

बैठक में कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने की अपील की गई।

## उत्कृष्ट कार्य पर 53 प्रगणक–सुपरवाइजर सम्मानित

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने आज जनगणना–2027 अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 प्रगणक व दो सुपरवाइजर को प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया है। राष्ट्रीय विकास एवं प्रगति में समर्पण, कर्तव्य निष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी प्रगणकों व सुपरवाइजर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

हमारी जनगणना हमारा विकास अंतर्गत जनगणना 2027 में विदिशा जिले में सुव्यवस्थित रूप से कार्य जारी है। इस कार्य में विदिशा से जिले में 51 प्रगणक व 02 सुपरवाइजर द्वारा अपने क्षेत्र में जनगणना के मकान सूचीकरण व भवनों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उन्हें आज कलेक्ट्रेट स्थित कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने अपने चेंबर में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिन प्रगणकों व सुपरवाइजर को सम्मानित किया गया है उनमें विदिशा और लटेरी तहसील के 09 प्रगणक के अलावा सिरोंज, कुरवाई, बासौदा और शमशाबाद के 6–6 प्रगणक, गुलाबगंज तहसील के 03 प्रगणक और पठारी और त्योंदा तहसील के तीन–तीन प्रगणक और एक–एक सुपरवाइजर शामिल हैं।

## श्रमदान

## चिलचिलाती धूप में भी कम नहीं हुआ श्रमदानियों का उत्साह

# उदगम स्थल को पुनर्जीवित करने जुट रहे श्रमदानी

**16 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक श्रमदान किया जाएगा।**

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

बेतवा नदी के सूखे उग्रम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए 10 मई को शुरू हुए श्रमदान सप्ताह के दूसरे दिन कई श्रमदानी सुबह 8 बजे झिरी गांव स्थित उद्गम स्थल पहुंचे।

तीखी धूप के बावजूद दोपहर 12 बजे तक श्रमदान से पिछले साल बने कुछ चेक डैम की मरम्मत की गई और श्रमदयनियों द्वारा पांच नए चेक डैम बनाए गए। कार्यालय



दिवस होने के कारण सेवारत श्रमदानी नहीं आ सके। कम संख्या के बावजूद श्रमदानियों ने पूरे उत्साह से पहले दिन के बराबर काम किया

### गंजबासौदा और बैतूल के श्रमदानी भी होंगे शामिल।

ताकि इस रचनात्मक कार्य की गति धीमी न पड़े। श्रमदान का नेतृत्व कर रहे प्रख्यात गांधीवादी विचारक व मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त डॉ आरके पालीवाल ने बताया कि सोमवार को श्रमदान में कौशलेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ और आजाद सिंह डबास, पूर्व अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक भी शामिल रहे। श्रमदान में भोपाल की ग्राम सेवा समिति, युवा फाउंडेशन, एनजीओ पाठशाला और विदिशा की बेतवा बिरादरी के साथियों ने शिरकत की। गंजबासौदा और बैतूल की कुछ समाजसेवी संस्थाओं ने भी आगामी दिनों में श्रमदान में सहभागिता के संदेश भेजे हैं। प्रो अरविंद द्विवेदी ने बेतवा संरक्षण समूह ने भोपाल और आसपास के जिलों के सभी प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेमियों से अपील की है कि वे सब बेतवा नदी के उगम स्थल को पुनर्जीवित करने के पवित्र अभियान में सहभागिता कर बेतवा नदी को पुनर्जीवित करना का लक्ष्य है

## मंडी में ट्रैक्टर–ट्रॉलियों की व्यवस्थित नीलामी हेतु टोकन व्यवस्था शुरू

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

कृषि उपज मंडी समिति विदिशा ने किसानों की सुविधा और मंडी परिसर में सुव्यवस्थित नीलामी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नई पहल शुरू की है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर सोमवार से नवीन मंडी प्रांगण मिर्जापुर में ट्रैक्टर–ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के लिए टोकन व्यवस्था लागू कर दी गई है।

भारसाधक पदाधिकारी क्षितिज शर्मा एवं मंडी सचिव श्रीमती नीलकमल वैघ के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत मंडी में प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन को



मुख्य द्वार से टोकन लेना अनिवार्य होगा। टोकन मिलने के बाद ही वाहन को नीलामी हेतु आरक्षित शेड में खड़ा किया जा सकेगा।

मंडी समिति के अनुसार नई व्यवस्था का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया, जिसके चलते पहले ही दिन करीब 700 टोकन जारी किए गए। समिति का कहना है कि इससे मंडी परिसर में अनावश्यक भीड़ कम होगी, नीलामी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी और किसानों को समय की बचत के साथ बेहतर प्रबंधन का लाभ मिलेगा।

मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे मंडी में प्रवेश के समय अनिवार्य रूप से टोकन प्राप्त करें और निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़े करें। साथ ही नई व्यवस्था के सफल संचालन के लिए मंडी प्रबंधन को सहयोग देने का आग्रह भी किया गया है।

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष – 12,2083 | राजगढ़, दिन मंगलवार ,दिनांक 12 मई 2026


## न्यूज गैलरी

### उपार्जन केंद्रों पर धीमे उठाव पर कलेक्टर नाराज

**राजगढ़।** जिला उपार्जन समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों पर गेहूं उपार्जन, परिवहन और उठाव कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बैरसिया, बरेड, आदलहेड़ा, आसारेटा पंवार और सुस्तानी खरीदी केंद्रों पर उठाव कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने तथा टीसी जनरेट नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### मदरसा बोडरू परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन शुरू

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बोर्ड से संबद्ध संस्थाओं के छात्र निर्धारित पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने समय सीमा में पंजीयन और शुल्क जमा करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा संबंधी विस्तृत समय–सारणी और दिशा–निर्देश आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं

### नए पदाधिकारियों का किया स्वागत

**सारंगपुर ।** युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अभय सिसोदिया के नेतृत्व में गोपालपुरा में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रियव्रत सिंह तथा अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों का पुष्पहारों से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया और पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही नवनियुक्त जिला महासचिव हेमेंद्र सिंह चौहान एवं समीर मेव भूरू का भी नई जिम्मेदारी मिलने पर सम्मान किया गया। समारोह में युवा कांग्रेस और मुख्य कांग्रेस संगठन के कई पदाधिकारी शामिल हुए। जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस अमन अरोरा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष लखन राजपूत, भगवान राजपूत, सद्दाम खान, मधुसूदन, महेंद्र राजपूत, राहुल जाटव, भंवर बना, शिवपाल और आजाद मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा, ढिलाई पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**राजगढ़।** कलेक्ट्रेट में सोमवार को आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने विभिन्न विभागों की योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जल गंगा संवर्धन अभियान, ई–ऑफिस, आधार निर्माण, ई–केवाईसी और सार्थक अटेंडेंस की विभागवार समीक्षा की गई। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में खराब प्रदर्शन और बैठक से अनुपस्थित निर्देश दिए गए। वहीं लंबित रहने पर तहसीलदार खिलचीपुर एवं तहसीलदार राजगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के शिकायतों पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर निलंबन कार्रवाई की चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने आधार निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर परियोजना अधिकारी और जपं राजगढ़ के सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

---

**पेट्रोल पंप पर आग** — पचोर के चुन्नालाल–मुन्नालाल पेट्रोल पंप पर भीषण हादसाय 4 गंभीर रेफर, 12 बाइक जलकर खाक

# बाइक में पेट्रोल डालते ही लगी आग, 12 लोग झुलसेरूराजगढ़ में 5 धमाके हुए, जान बचाने भागे लोगय दूर–दूर तक दिखीं लपटें

डीआर संवाददाता ⏭ पचोर

शहर के बीचोंबीच स्थित चुन्नालाल–मुन्नालाल भारत पेट्रोल पंप पर सोमवार रात करीब साढ़े 8 बजे उस समय भीषण आग भड़क गई, जब टैंकर से पेट्रोल उतारा जा रहा था। देखते ही देखते आग ने पूरे पंप परिसर को अपनी चपेट में ले लिया और मौके पर अफरा–तफरी मच गई।

हादसे में 13 लोग झुलस गए, जिनमें 4 की हालत गंभीर होने पर उन्हें शाजापुर रेफर किया गया। घटना में पेट्रोल पंप पर खड़ी 12 दोपहिया गाड़ियां भी जलकर खाक हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि लोग जान बचाकर इधर–उधर भागने लगे। घटनास्थल से करीब 100 कदम दूर ही सरकारी अस्पताल होने के कारण कई घायल लोग खुद पैदल दौड़ते हुए अस्पताल पहुंचे, जबकि कुछ को स्थानीय लोग लेकर पहुंचे। एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब



तक कई घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा चुका था।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम रोहित बम्होरे, थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया, नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया और सीएमओ दीपक रानवे सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पेट्रोल पंप सहित आसपास के क्षेत्र को बैरिकेडिंग कर सील कर दिया।

**पंप सहित आसपास का क्षेत्र सील, डीवीआर जब्त:** आग लगने की सूचना शहर में आग की तरह फैल गई, जिससे बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। पेट्रोल पंप पर जमा भीड़ के कारण किसी अन्य अनहोनी की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने घटना के बाद पंप सहित आसपास के क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर उसे सील कर दिया। वहीं पुलिस ने पेट्रोल पंप का डीवीआर भी जब्त कर लिया है। एसडीएम रोहित बम्होरे ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### सारंगपुर, ब्यावरा और पचोर की दमकल ने करीब एक घंटे बाद पाया काबू

#### टैंकर के टायर तक जल गए, बड़ा हादसा टला

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के दौरान पेट्रोल का टैंकर खाली किया जा रह्य था। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि टैंकर के टायर तक जल गए। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा विस्फोट टल गया। सूचना मिलते ही पचोर नगर परिषद की दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन आग बढ़ने पर सारंगपुर और ब्यावरा से भी दमकल बुलाई गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका।

#### आग लगने के कारणों को लेकर अलग–अलग चर्चाएं

घटना के बाद आग लगने के कारणों को लेकर अलग–अलग चर्चाएं होती रहीं। कुछ लोगों ने शॉर्ट सर्किट तो कुछ ने दो बाइक की टक्कर के बाद आग भड़कने की आशंका जताई। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने पेट्रोल पंप का डीवीआर भी जब्त कर लिया है। एसडीएम रोहित बम्होरे ने बताया कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

#### हादसे में ये लोग हुए घाय

बलराम गुर्जर निवासी पुरानी पचोर, रामबाबू शर्मा निवासी चोंडापुरा, रितु शर्मा निवासी चोंडापुरा, धर्मेंद्र प्रताप निवासी भरेड़ शाहपुर, लतीफ निवासी पचोर, जगदीश धनगर निवासी महुआ–बोड़ा, मनीष घेरकर निवासी पचोर, समंदर भील निवासी सरेड़ी, शुभम राजपूत निवासी पचोर, शादाब निवासी पचोर, सलोनी निवासी पचोर, अरबाज निवासी पचोर और अमन खान निवासी पचोर घायल हुए हैं। इनमें बलराम गुर्जर, धर्मेंद्र प्रताप, लतीफ और पेट्रोल पंप कर्मचारी जगदीश धनगर को गंभीर हालत में शाजापुर रेफर किया गया।

---

## 11.75 ग्राम स्मैक, 200 नशीले इंजेक्शन और एप्पल शीशी के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



डीआर संवाददाता ⏭ सारंगपुर

शहर में युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेल रहे अवैध कारोबार के खिलाफ सारंगपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11.75 ग्राम स्मैक, 186 200 मानसी एक मोटरसायीले मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई जब्त की है। जब्त सामग्री की हजार रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई के बाद शहर में नशे का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी केएल बंजारा ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना सारंगपुर पुलिस ने

सारंगपुर पुलिस की कार्रवाई, 1.80 लाख का माल जब्त।करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार राजू उर्फ जफर पुत्र उमर खां मेवाती निवासी गोला बाड़ी, शादाब पुत्र मुजीब खान निवासी किला रोड और मुस्तकीम उर्फ पिल्ला पुत्र चांद खान निवासी कसाईवाड़ा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में नशे के नेटवर्क से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। अब यह पता लगाया जा रहा है कि शहर में नशीले पदार्थ कहां से लाए जा रहे थे और किन जा रही थी।

शहर में बढ़ते नशे के कारोबार के बीच कुछ मेडिकल स्टोर्स की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। सूत्रों के अनुसार बेक साइड क्षेत्र के कुछ मेडिकल स्टोर्स पर बिना डाक्टर की पर्ची के नशीले इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि युवाओं को आसानी से दवाइयां उपलब्ध

---

## नव आरक्षकों की क्लास: अभी भर्ती हुए नहीं और अनुशासन भूल गए?

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर

पुलिस पुलिस महकमे में कदम रखने से पहले ही नए आरक्षकों को अनुशासन का डोज मिल गया। मामला दस्तावेज सत्यापन का है, – जहां वे मेजों पर उकड़ बैठकर आराम फरमा रहे थे। इन युवकों को जब एसडीओपी विवेक शर्मा ने देखा, तो उन्होंने मौके पर ही पुलिसकर्मियों और अभ्यर्थियों की क्लास लगा दी।

दस्तावेज वेरिफिकेशन के दौरान गैलरी में रखी मेजों पर नव आरक्षक बैठ गए थे। पूरी गैलरी में रखी मेजों पर नव आरक्षक बैठ गए। जब – एसडीओपी विवेक शर्मा एसपी – कार्यालय पहुंचे तो यह दृश्य देख तुरंत वहां तैनात पुलिसकर्मियों को – बुलाया। उन्होंने फटकार लगाते हुए

कहा कि ये कौन हैं? पुलिस में भर्ती होने आए हैं या पिकनिक मनाने? क्या इस तरह बैठा जाता है? एसडीओपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस की नौकरी केवल ड्यूटी नहीं, बल्कि एक अनुशासित जीवनशैली है, इसके बाद एसपी कार्यालय में तैनात आरक्षकों नेमेजों से सभी को हटवाया। वेरिफिकेशन करवाने पहुंचे 46 अभ्यर्थी आरआई शिवमंगल सिंह ने बताया कि एसपी कार्यालय में वेरिफिकेशन हुआ था, जहां 46 अभ्यर्थी पहुंचे थे। कुछ का वेरिफिकेशन हो गया कुछ का रह गया है।

---

## गेहूं उठाव में लापरवाही पर अफसरों को नोटिस, कलेक्टर सख्त

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़

राजगढ़ जिले के कई गेहूं खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था और धीमे उठाव की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदी व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने धीमी गति से



गेहूं उठाव करने और टीसी (ट्रांसपोर्ट चालान) जनरेट नहीं करने वाले खरीदी केंद्रों के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र किसानों के लिए परेशानी का कारण नहीं बनने चाहिए।

बैठक में बैरसिया, बरेड, आदलहेड़ा, आसरेटा पंवार और सुस्तानी खरीदी केंद्रों की स्थिति पर विशेष चर्चा हुई। कई केंद्रों पर समय पर गेहूं उठाव नहीं होने से स्टॉक बढ़ गया है, जिससे किसानों को तौल और परिवहन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को तत्काल अतिरिक्त मजदूर लगाने और प्रत्येक खरीदी केंद्र पर तीन से अधिक कांटे चालू रखने के निर्देश दिए, ताकि तौल प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके और किसानों की लंबी लाइनें खत्म हों।

उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदी, परिवहन और उठाव की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाएगी। यदि किसी केंद्र पर किसानों को अनावश्यक इंतजार करना पड़ा या कार्य में लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## गड्ढा खोदने की बात पर विवाद

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़

ब्यावरा सिटी थाना क्षेत्र के बैलास – गांव में खाद की रोड़ी में गड्ढा खोदने की बात को लेकर सोमवार शाम विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर चार लोगों ने पिता–पुत्र पर लोहे की रॉड और – पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। – बैलास निवासी हरिनारायण पुत्र कालू सिंह सौंधिया (28) ने सिटी पुलिस को बताया कि उसकी खाद की रोड़ी भगौरा रोड – स्थित जामी का गोया के पास – पड़ी हुई थी। सोमवार शाम वह रोड़ी में गड्ढा खोद रहा था। इसी दौरान गांव का देवसिंह पुत्र अमर सिंह धनगर वहां पहुंचा और बोला कि उसकी जमीन के सामने रोड़ी में गड्ढा क्यों किया जा रहा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि देवसिंह ने गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसका छोटा भाई ओमप्रकाश धनगर वहां पहुंचा और पत्थर से हरिनारायण के सिर पर हमला कर दिया। शोर सुनकर हरिनारायण के पिता कालू बीच–बचाव करने पहुंचे तो भगवान सिंह ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

---

## नाबालिग से दुष्कर्म कर आरोपी फरार, पुलिस ने दर्ज किया पॉक्सो एक्ट

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के ही 25 वर्षीय युवक रामबाबू तंवर पर देर रात पीड़िता को घर के पीछे ले जाकर ज्यादती करने का आरोप है। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना का समयः 6 मई की देर रात करीब 3 बजे।

पुलिस कार्रवाइः परिजनों के साथ रविवार रात थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

कानूनी धाराएंः आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 64(2)(उ), 115(2) और पॉक्सो (च्ब्ैव्) एक्ट की धारा 5ध्6 के तहत केस दर्ज।

वर्तमान स्थितिः घटना के बाद से ही आरोपी रामबाबू फरार है। पुलिस की टीमें उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

---

## पुरानी कोतवाली के जर्जर कमरे में लगी भीषण आग, साइकिल के टायर और कचरा जलकर खाक

डीआर संवाददाता ⏭ नरसिंहगढ़

सोमवार सुबह पुरानी कोतवाली परिसर के एक जर्जर कमरे में अचानक आग लग गई। इस कमरे में स्कूलों में बांटी जाने वाली साइकिलों के पुराने टायर और अन्य कचरा रखा हुआ था। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन धुएं के गुबार से आसपास के इलाके में अफरा–तफरी मच गई।

घटना का विवरण

समयरू सोमवार सुबह



करीब 5 से 6 बजे के बीच।

स्थानरू बीआरसी के आधिपत्य वाली पुरानी कोतवाली का जर्जर भवन।

बचाव कायर्रू फायर ब्रिगेड के देरी से पहुँचने के कारण स्थानीय लोगों और बीआरसी कर्मचारियों ने खुद मोर्चा संभाला और आग को फैलने से रोका। करीब आधे घंटे बाद पहुँची दमकल ने आग पर काबू पाया।

नुकसानः कमरे में रखा साइकिलों का स्टॉक और असेंबलिंग के बाद बचा हुआ कचरा जलकर राख हो गया।

अधिकारी का कथन

बीआरसी सुरेंद्र भदोरिया के अनुसार, नगरपालिका इस भवन को पहले ही जर्जर घोषित कर चुकी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है

---

**0** नगर पालिका की आर्थिक बदहाली के बीच कर्मचारियों की हड़ताल

## सीएमओ बोले– वसूली में लापरवाही से बिगड़ रहे हालात

डीआर संवाददाता ⏭ ब्यावरा

नगर पालिका के सामने सोमवार को उस समय हलचल का माहौल बन गया, जब नगर पालिका के कर्मचारी वेतन और अन्य लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।वहीं इस पूरे मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) इकरार अहमद का बयान सामने आने के बाद हड़ताल केवल वेतन का मुद्दा नहीं रह गई, बल्कि नगर पालिका की आर्थिक स्थिति और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े



हो गए हैं। हड़ताल की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह और सीएमओ इकरार अहमद मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों को समझाइश देते हुए सीएमओ इकरार अहमद ने साफ कहा कि सफाई कर्मचारियों का कोई वेतन बकाया नहीं है और उन्हें प्रतिमाह नियमित भुगतान किया जारहा है। ऐसे में उनका हड़ताल पर बैठना अनुचित है और इसे अनुशासनहीनता माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन लगातार कर्मचारियों को समय पर वेतन देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सीमित संसाधनों और आय के मुकाबले बढ़ते खर्च के कारण वित्तीय दबाव बना हुआ है।

### आय–व्यय में आ रहा बढ़ा अंतर

सीएमओ ने नगर पालिका की वित्तीय स्थिति का खुलासा करते हुए बताया कि नगर पालिका को प्रतिमाह करीब 45 लाख रुपए चुंगी क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त होती है, जबकि मासिक खर्च 1 करोड़ 10 लाख रुपए तक पहुंच जाता है। इसमें से केवल कर्मचारियों के वेतन पर ही लगभग 85 लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। आय और व्यय के इस बड़े अंतर के कारण नगर पालिका लगातार आर्थिक दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कर्मचारियों का लंबित वेतन भी जारी किया जा चुका है और भविष्य में भी नियमित भुगतान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सीएमओ ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

इकरार अहमद ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि नगर पालिका की आय बढ़ाने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन जलकर और संपत्ति कर की वसूली में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई दे रही। नगर पालिका पर वर्तमान में संपत्ति कर का 3 करोड़ 14 लाख रुपए और जलकर का 4 करोड़ 62 लाख रुपए बकाया है। कुल 10 करोड़ 28 लाख रुपए की बकाया राशि में से अब तक मात्र 91 लाख रुपए की वसूली हो पाई है, वह भी अधिकांश राशि नागरिकों द्वारा स्वयं जमा कराई गई है। सीएमओ ने कहा कि यदि कर्मचारी वसूली कार्य में गंभीरता दिखाएं तो नगर पालिका की आर्थिक स्थिति काफी हद तक सुधर सकती है और वेतन भुगतान जैसी समस्याएं स्वतः कम हो जाएंगी। सीएमओ ने जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों को विशेष रूप से चेताया कि मौजूदा समय में शहर 42 से 45 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी झेल रहा है।

---

## इंदौर–अमृतसर एक्स. के एसी कोच से सोने की ज्वेलरी चोरी

डीआर संवाददाता ⏭ ब्यावरा

रुठियाई–मक्सी रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामले में इंदौर–अमृतसर एक्सप्रेस के एसी कोच से एक महिला यात्री का 9 तोला सोने की ज्वैलरी से भरा पर्स चोरी हो गया। घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी फरियादी ने यात्रा से लौटने के बाद इंदौर जीआरपी थाना में एफआईआर दर्ज कराई। वहां से जीरो पर मामला कायम कर केस डायरी ब्यावरा जीआरपी को भेजी गई है। हालांकि पुलिस ने चोरी गए माल की कीमत 81 हजार रुपए आंकी है, जबकि वर्तमान सोने के भाव के अनुसार ज्वैलरीबताई जा रही है। ब्यावरा जीआरपी के अनुसार जूनी इंदौर निवासी चुनीलाल पुत्र केएल कालरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका परिवार बी–3 कोच में सीट नंबर 25, 26, 27 और 28 पर इंदौर से अमृतसर की की यात्रा कर रहा था। सफर के दौरान उनकी पत्नी प्रेमलता सीट पर लेडीजरखकर हाथ धोने गई थीं।

लौटने पर पर्स गायब मिला। पर्स में एक तोला का मंगलसूत्र, तीन तोला की चूड़ियां, दो तोला का हार, दो तोला के झुमके और एक तोला की दो अंगूठियां सहित कुल 9 जीआरपी थाना प्रभारी गोपाल कनासिया ने बताया बताया कि इंदौर से